समाचार

# राशन लेने पहुंचने वाले अंत्योदय कार्डधारियों को वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करें–आयुक्त



कोरबा 03 मई 2021 –आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों के सहकारी समिति संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि राशन दुकानों में राशन सामग्री लेने हेतु आने वाले अंत्योदय राशन कार्डधारी हितग्राहियों को वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करें, दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराएं तथा अनिवार्य रूप से मास्क पहने व ग्राहकों को भी मास्क पहनने को कहें।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप 01 मई से प्राथमिकता क्रम में अंत्योदय राशन कार्डधारी परिवारों के 18 से 44 वर्ष उम्र के व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। अंत्योदय परिवार के उक्त आयु वर्ग के व्यक्तियों को वैक्सीन लगवाने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किए जाने के संदर्भ में आज निगम कार्यालय साकेत में कोरबा व कटघोरा ब्लाक के उचित मूल्य दुकान संचालकों का निगम आयुक्त ने मार्गदर्शन किया। आयुक्त श्री जयवर्धन ने उनसे कहा कि राशन दुकानों में राशन लेने हेतु पहुंचने वाले अंत्योदय राशन कार्डधारी हितग्राहियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करें कि उनके परिवार के 18 वर्ष से लेकर 44 वर्ष तक के उम्र वाले सदस्य अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाएं, इसके साथ ही यदि उनके परिवारों में 45 वर्ष से अधिक आयु के किसी सदस्य ने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाया है तो वे भी वैक्सीन लगवाएं। हितग्राहियों को बताएं कि वे अंत्योदय राशन कार्ड लेकर ही वैक्सीनेशन सेंटर में जाएं तथा वैक्सीन लगवाएं। राशन दुकानों में वैक्सीनेशन हेतु प्रोत्साहित करते व वैक्सीन लगवाने का संदेश देते फ्लैक्स पोस्टर लगाएं। दुकानों में पृथक से पंजी संधारित करें तथा दर्ज करें कि किन–किन हितग्राहियों को वैक्सीन लग चुकी है और किन को नहीं लगी।

इस दौरान निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, सिटी प्रोग्राम मेनेजर अशोक सिंह, खाद्य निरीक्षक शुभम मिश्रा, राजस्व अधिकारी अशोक बनाफर आदि उपस्थित थे।